# चित्रकूट-पुलिस

**(1).** नारी सुरक्षा, नारी सम्मान, नारी स्वालंबन, महिला सशक्तिकरण, महिला कल्याण एवं बाल विकास के प्रति चलाये जा रहे "मिशन शक्ति अभियान-4" के तत्वाधान में जनपद के समस्त थानों की एण्टी रोमियों टीमों/''शक्ति दीदी'' द्वारा विभिन्न सार्वजनिक स्थल एवं ग्रामों में भ्रमण कर महिला एवं बालिकाओं को महिला सुरक्षा सम्बन्धी उपायों के प्रति जागरुक किया गया।

"मिशन शक्ति अभियान-4" व ''शक्ति दीदी'' अभियान के तहत आज दिनांक 25.05.2025 को पुलिस अधीक्षक चित्रकूट श्री अरूण कुमार सिंह के निर्देशन में जनपद में नोडल अधिकारी मिशन शक्ति क्षेत्राधिकारी राजापुर श्रीमती निष्ठा उपाध्याय के पर्यवेक्षण में समस्त थाना क्षेत्रो में एण्टी रोमियों टीमों द्वारा विभिन्न सार्वजनिक स्थलों एवं ग्रामो में भ्रमण किया गया । महिलाओं/बालिकाओँ को "मिशन शक्ति" व ''शक्ति दीदी'' के सार्वजनिक स्थलो जैसे-चौराहे, बाजारों को असामाजिक तत्वों से मुक्त कराये जाने तथा महिलाओ एवं बालिकाओं के साथ राह चलते छेडखानी, अभद्रता, अश्लील प्रदर्शन तथा अभद्र टिप्पणियाँ इत्यादि की घटनाओं को रोकने के लिये जागरुक किया गया तथा महिला/बालिकाओं को सुरक्षा संबंधित सेवाएँ जैसे यू0पी0-112 नम्बर/वूमेन पावर लाइन 1090/यूपी कॉप एप/181 महिला हेल्प लाइन/1076 मुख्यमंत्री हेल्प लाइन/1098 चाइल्ड हेल्प लाइन/102 स्वास्थ्य सेवा/108 एम्बूलेन्स सेवा/1930 साइबर हेल्पलाइन के बारे में जानकारियां दी गई । इस दौरान उपस्थित महिलाओं/बालिकाओं को अवगत कराया गया कि सभी थानों में महिलाओ की सुरक्षा/सहायता हेतु एक महिला हैल्पडेस्क बनाया गया है, जहाँ पर महिला पुलिसकर्मी द्वारा महिलाओं की शिकायत सुनी जाती है तथा समय से उनका निस्तारण किया जाता है । इसके साथ ही मौजूद महिलाओं/बालिकाओं को महिला सुरक्षा सम्बन्धी चलायी जा रही हेल्पलाइन नम्बरों के सम्बन्ध में पंपलेट वितरित करते हुए विस्तार से जानकारी देने के साथ ही सभी महिलाओं/बालिकाओ को हेल्पलाइन नम्बर का निर्भीक होकर उपयोग करने हेतु तथा महिलाओ को आत्मनिर्भर बनने व निर्भीक होकर अपने अपने क्षेत्र में कार्य करने/शिक्षा ग्रहण करने के लिये प्रेरित किया गया तथा सोशल मीडिया पर अपनी प्राइवेसी रखते हुये उसका प्रयोग करने के लिये कहा गया । इसी क्रम में महिलाओं/बालिकाओ को जनपद में गठित "एंटी रोमियो स्क्वायड" टीम के बारे में अवगत कराया गया तथा बताया गया कि सादे वस्त्रों में तथा प्राइवेट वाहनों से सार्वजनिक स्थलों यथा- स्कूल, कालेज व कोचिंग संस्थान के आसपास व ऐसे स्थान जहाँ पर महिलाओ एवं बालिकाओ का अधिकतर आवागमन होता है उनको भौतिक रुप से चिन्हित कर शोहदो/मनचलो के द्वारा Eve Teasing इत्यादि आपत्तिजनक हरकतो को रोकने के उद्देश्य से सघन चैकिंग कर लोगो से पूछताछ की जाती है व अनावश्यक रुप से मौजूद शोहदो/मनचलो को हिदायत/कार्यवाही की।

**(2).** आज दिनाँक 25.05.2025 को पुलिस अधीक्षक चित्रकूट श्री अरुण कुमार सिंह निर्देशन में शान्ति एवं सुरक्षा व्यवस्था सुदृढ़ बनाये रखने हेतु चित्रकूट पुलिस के थाना/चौकी प्रभारियों द्वारा थाना/चौकी क्षेत्र के मिश्रित आबादी क्षेत्र एवं भीड़ भाड़ वाले स्थानों पर पैदल गस्त किया गया पुलिस टीमों द्वारा दुकानदारों, व्यापारीबंधुओं एवं क्षेत्रीय नागरिको से वार्ता कर सुरक्षा का भरोसा दिलाया। पैदल गस्त के दौरान पुलिस टीम द्वारा सड़क पर हो रहे अतिक्रमण, शराब की दुकान, रेलवे स्टेशनों,होटल/ढाबो, 02/04 पहिया वाहन एवं संदिग्ध व्यक्तियों की चेकिंग की गयी।

**(3).** प्रभारी पुलिस अधीक्षक चित्रकूट श्री सत्यपाल सिंह के कुशल निर्देशन में अपराध पर अंकुश लगाने हेतु अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध की जा रही कार्यवाही के क्रम में प्रभारी निरीक्षक कोतवाली कर्वी श्री उपेन्द्र प्रताप सिंह के मार्गदर्शन में उ0नि0 श्री रमेश सिंह चौकी प्रभारी परिक्रमा मार्ग खोही तथा उनकी टीम द्वारा अभियुक्त सूरज बेडिया पुत्र प्रकाश बेडिया निवासी मंदाकिनी टाकीज के पीछे द्वारिकापुरी थाना कोतवाली कर्वी जनपद चित्रकूट को 01 अदद देशी तमंचा 315 बोर नाजायज व 01 अदद जिन्दा कारतूस 315 बोर नाजायज के साथ गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त के विरुद्ध थाना कोतवाली कर्वी में धारा 03/25 आर्म्स एक्ट के तहत अभियोग पंजीकृत किया गया।

**बरामदगी:-**

01 अदद देशी तमंचा 315 बोर

01 अदद जिन्दा कारतूस 315 बोर

**गिरफ्तारी करने वाली टीम:-**

1.उ0नि0 श्री रमेश सिंह चौकी प्रभारी परिक्रमा मार्ग खोही

2.आरक्षी आशीष कुमार

3.आरक्षी अभिषेक प्रताप सिंह

**(4).** पुलिस अधीक्षक चित्रकूट श्री अरुण कुमार सिंह के निर्देशन में वाँछित/वारण्टी अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाए जा रहे अभियान के क्रम में चित्रकूट पुलिस द्वारा 05 वारंटी अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया।

(i). उ0नि0 श्री राजेश कुमार यादव, उ0नि0 अमरेश तिवारी द्वारा मु0नं0 135/2024 मु0अ0सं0 57/21 धारा 387,504,506 भागवि0 के वारण्टी अभियुक्त प्रभाकर द्विवेदी पुत्र स्व0 राजनारायण द्विवेदी निवासी ग्राम डोडियामाफी थाना बरगढ़ जनपद चित्रकूट को गिरफ्तार किया गया।

(ii). उ0नि0 श्री मो0 जुबैर खां थाना रैपुरा मय हमराह मुख्य आरक्षी राममूरत व आरक्षी अशोक पाल द्वारा मु0न 1029/19 मु0अ0सं0 34/19 धारा 60 आबकारी अधिनियम के वारंटी अभियुक्त फूलचंद्र पुत्र शिवभवन निवासी हनुमानगंज लौरी थाना रैपुरा जनपद चित्रकूट को गिरफ्तार किया गया।

(iii). उ0नि0 श्री अखिलेश सिंह यादव व उ0नि0 रविकांत राय थाना रैपुरा मय हमराह मुख्य आरक्षी रमेशचंद्र द्वारा एनसीआर नं0 80/13 मु0सं0 606/19 धारा 323,504,506 भादवि0 के वारण्टी अभियुक्त अखिलेश पुत्र जियालाल उर्फ गोरेलाल सिंह पुत्र भोला प्रसाद 2.मोहन सिंह पुत्र मोतीलाल 3.कल्यान सिंह उर्फ गम्पा पुत्र भइयालाल निवासीगण गढ़वारा थाना रैपुरा जनपद चित्रकूट को गिरफ्तार किया गया।

**(5).** आज दिनाँक 25.05.2025 को पुलिस उप महानिरीक्षक चित्रकूटधाम परिक्षेत्र बांदा श्री राजेश एस द्वारा पुलिस अधीक्षक चित्रकूट श्री अरुण कुमार सिंह की उपस्थिति में ज्येष्ठ मास अमावस्या मेला डियूटी में लगे पुलिस बल को ब्रीफ किया गया। ब्रीफिंग में पुलिस उप महानिरीक्ष द्वारा कहा गया कि सभी कर्मचारीगण अपनी-अपनी डियूटी पर समय से पहुचेंगे, कोई भी अधिकारी/कर्मचारी डियूटी में किसी प्रकार की लापरवाही नहीं करेगा। बाह्य जनपद के आये जिन अधिकारी/कर्मचारीगणों को ड्यूटी प्वाइंट की जानकारी नही है ड्यूटी समय से कुछ समय पहले निकलकर अपने प्वाइंट की जानकारी कल ले तथा ड्यूटी के दौरान सभी श्रद्धालुओं से नम्रतापूर्वक व्यवहार करेगें। मेले में बैरियर स्थल,पार्किंग स्थल,संचार व्यवस्था,अग्नि व्यवस्था,अभियसूचना ईकाई,सोशल मीडिया सेल,डॉग स्क्वाड,पीएसी बल,स्वास्थ्य बल,चिकित्सीय टीम एम्बुलेन्स,विद्युत,साफ सफाई,स्वच्छ पानी की व्यवस्था,मोटर वोट/गोताखोर आदि की व्यवस्था की गयी है।

पूरे मेल को सकुशल संपन्न करने के लिए 05 जोन व 15 सेक्टर में बांटा गया है जिसमें सेक्टर मजिस्ट्रेट व जोनल मजिस्ट्रेट के अलावा 07 पुलिस क्षेत्राधिकारी, 10 थाना प्रभारी निरीक्षक,22 निरीक्षक, 106 उपनिरीक्षक नागरिक पुलिस, 307 हेड कांस्टेबल/कांस्टेबल,46 महिला कांस्टेबल, 02 उपनिरीक्षक यातायात,42 हेड कांस्टेबल/कांस्टेबल यातायात,02 उ0नि0 एलआईयू,11 हेड कान्सटेबल/कान्सटेबल एलआईयू, 06 फायर टेंकर की डियूटी लगाई गई है। ब्रीफिंग के दौरान अपर जिलाधिकारी श्री उमेश चन्द्र निगम,अपर पुलिस अधीक्षक श्री सत्यपाल सिंह, क्षेत्राधिकारी नगर श्री राज कमल,क्षेत्राधिकारी मऊ श्री यामीन अहमद, क्षेत्राधिकारी राजापुर श्री जय करन सिंह,पुलिस उपाधीक्षक श्री अरविन्द कुमार वर्मा, पुलिस उपाधीक्षक श्री फहद अली एवं मेला में लगे समस्त प्रभारी निरीक्षक/थानाध्यक्ष एवं अन्य अधिकारी/कर्मचारीगण उपस्थित रहे।